प्रथम संस्करण 2007

मूल्य : 25 /= रुपए

अन्य प्राप्तिस्थान :

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, 21-ए. अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली
दूरभाष : 32996391

दो शब्द

ज्योतिषशास्त्र वेद का नेत्र माना जाता है। कोई भी कार्य यदि सुन्दर मुहूर्त में न किया जाय तो पूर्ण होने में संशय होता है। मुहूर्त कई प्रकार से बताये जाते हैं। जैसे १—ग्रह-नक्षत्रों, योगों आदि पंचाङ्गों से, २—स्वर से तथा ३—प्रश्न से—इनमें से प्रश्न और स्वर में भी सामान्यतः पंचाङ्ग की आवश्यकता होती है, किन्तु जो मुहूर्त तिथि, नक्षत्र, करण, योग आदि के आधार पर होते हैं, उनमें तो मूलरूप से ज्योतिषशास्त्र ही आधार है। इस शास्त्र में बहुज्ञ भले ही न हो, किन्तु अल्पज्ञ या किञ्चितज्ञ होना तो किसी भी शास्त्र के विद्वान् को अनिवार्य है, क्योंकि विद्वान् का सम्बन्ध विशुद्ध रूप से भारत की धार्मिक जनता से रहता है। धार्मिक-जन निर्विघ्न कार्य की पूर्णता ही चाहते हैं। इसलिए वे विद्वान् का मुख देखते हैं और आशा करते हैं कि इनके आशीर्वाद से मेरा कल्याण होगा। अतएव पहिले समय के विद्वान् ज्ञान-विज्ञान के साथ कर्मकाण्ड और ज्योतिष में निपुणता प्राप्त करते थे।

आजकल तो परीक्षा उत्तीर्ण करने की चिन्ता में सब कुछ छोड़कर परीक्षा के रामखाड़े में कई मास बिता देते हैं। फिर उन्हें अन्य विषय पढ़ने का अवसर ही कहाँ है। इन्हीं परिस्थितियों में ज्यौतिष का सामान्य लोकोपयोगी ज्ञान के लिए इस संग्रह का निर्माण किया गया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इससे परीक्षार्थी तो लाभ उठावेंगे ही साथ ही उन्हें भी पूर्ण सफलता प्राप्त होगी, जो लोग सामान्य ज्यौतिष ज्ञान ... केवल पौरोहित्य करना चाहते हैं।

अन्त में भारत के होनहार बच्चों के कर-कमलों में ही इसे अर्पित करता हूँ, और आशा करता हूं कि वे इससे लाभ उठावेंगे तथा अपनी संस्कृति के संरक्षण में योगदान करेंगे।

चौखम्बा विद्याभवन के संचालक महोदय ने बहुत ही तत्परता से इस पुस्तक को प्रकाशित किया है, अतः वे विशेष धन्यवादार्ह हैं।

गुरुपूर्णिमा
वि० सं० २०२६

अवधबिहारी त्रिपाठी

विषय-सूची

—०::०—

॥ श्रीः ॥

बृहदवकहडाचक्रम्

'बालबोधिनी' हिन्दीव्याख्योपेतम्

मङ्गलाचरणम्

सूर्यचन्द्रमुखान्नत्वा ग्रहान् गणपतिं तथा ।
ज्योतिःशास्त्रप्रवेशायाऽवकहडाचक्रमुच्यते ॥

सूर्य और चन्द्र प्रमुख नवग्रहों तथा गणेश को नमस्कार करके ज्योतिषशास्त्र में प्रवेश के लिए बृहदवकहडाचक्र की रचना करता हूँ ।

अथ वारादि-प्रकरणम्

वारनामानि—

आदित्यश्चन्द्रमा भौमो बुधश्चाथ बृहस्पतिः ।
शुक्रः शनैश्चरश्चैते वासराः परिकीर्तिताः ॥ १ ॥

आदित्य = रवि, चन्द्रमा = सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि ये सात वार हैं ॥ १ ॥

शुभाशुभवाराः—

गुरुश्चन्द्रो बुधः शुक्रः शुभा वाराः शुभे स्मृताः ।
क्रूरास्तु क्रूरकृत्येषु ग्राह्या भौमार्कसूर्यजाः ॥ २ ॥

बुध, गुरु, शुक्र, और (शुक्ल पक्ष में) चन्द्र ये शुभ दिन हैं । इनमें शुभ कार्य सिद्ध होता है । रवि, मंगल, शनि ये क्रूर एवं पाप हैं । इन दिनों में क्रूर कर्म सिद्ध होता है ॥ २ ॥

आवश्यके वारदोषपरिहारः—

न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणाम् ।
दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः ॥ ३ ॥

आवश्यक कार्य में सूर्य, गुरु, शुक्र के दिन का दोष रात्रि में नहीं होता है। अर्थात् इनमें दिन में जो कार्य निषिद्ध हैं उसे रात्रि में किया जा सकता है। इसी प्रकार सोम, शनि, मंगल को रात्रि का निषिद्ध कार्य दिन किया जा सकता है, इनमें रात्रि का दोष दिन में नहीं होता है। बुधवार का दोष रात्रि और दिन समान रूप से निन्द्य है ॥ ३ ॥

तैलाभ्यङ्गे शुभाशुभवाराः—

रविस्तापं, कान्तिं वितरति शशी, भूमितनयो
मृतिं, लक्ष्मीं चाङ्घ्रिः, सुरपतिगुरुर्वित्तहरणम्।
विपत्तिं दैत्यानां गुरुरखिलभोगानुगमनं
नृणां तैलाभ्यङ्गात् सपदि कुरुते सूर्यतनयः ॥ ४ ॥

रवि के दिन तेल लगाने से ताप, सोम के दिन शोभा की वृद्धि, मंगल के दिन मृत्युभय, बुध के दिन लक्ष्मी प्राप्ति, गुरु के दिन धन की हानि, शुक्र के दिन विपत्ति और शनि के दिन तेल लगाने से सुख-शान्ति मिलती है ॥ ४ ॥

आवश्यके तैलाभ्यङ्गे वारदोषपरिहारः—

रवौ पुष्पं गुरौ दूर्वा मृत्तिका कुजवासरे।
भार्गवे गोमयं दद्यात् तैलदोषस्य शान्तये ॥ ५ ॥

आवश्यक कार्य में रवि के दिन पुष्प के साथ तेल लगाना चाहिए। गुरु के दिन दूर्वा, मंगल के दिन मिट्टी, शुक्र के दिन गोबर मिलाने से दोष नहीं होता है ॥ ५ ॥

मन्त्रितं क्वथितं तैलं सार्षपं पुष्पवासितम्।
द्रव्यान्तरयुतं वापि नैव दुष्येत् कदाचन ॥ ६ ॥

पकाया हुआ तेल, सरसों का तेल, पुष्पवासित तेल और किसी भी द्रव्य के संयोग से बना तेल निषिद्ध दिनों में भी लगाया जा सकता है ॥ ६ ॥

श्रीपतिः, मासज्ञानम्—

मधुस्तथा माधवसंज्ञकश्च शुक्रः शुचिश्चाथ नभो नभस्यौ।
तथेष उर्जश्च सहः सहस्यौ तपस्तपस्याविति ते क्रमेण ॥ ७ ॥

मधु = चैत्र, माधव = वैशाख, शुक्र = जेठ, शुचि = आषाढ़, नभ = श्रावण, नभस्य = भाद्रपद, ईष = आश्विन, ऊर्ज = कार्तिक, सहः = मार्गशीर्ष, सहस्य = पौष, तपः = माघ, तपस्य = फाल्गुन, ये बारह मास वर्ष में होते हैं ॥ ७ ॥

ऋतूनाह श्रीपतिः—

मृगादिराशिद्वयभानुयोगात् षडर्त्तवः स्युः शिशिरो वसन्तः ।
ग्रीष्मश्च वर्षाश्च शरश्च तद्वद्धेमन्तनामा कथितश्च षष्ठः ॥ ८ ॥

मकर के सूर्य से दो-दो राशि के सूर्य से शिशिरादि ६ ऋतुएँ होती हैं। मकर, कुम्भ (शिशिर), मीन, मेष (वसन्त), वृष, मिथुन (ग्रीष्म), कर्क, सिंह (वर्षा), कन्या, तुला (शरद्), वृश्चिक, धनु (हेमन्त), ये छः ऋतुएँ वर्ष में होती हैं ॥ ८ ॥

अयनज्ञानम्—

शिशिरपूर्वमृतुत्रयमुत्तरं ह्ययनमाहुरहश्च तदा परम् ।
भवति दक्षिणमन्यऋतुत्रये निगदिता रजनी मरुतां च सा ॥ ९ ॥

मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन इन ६ राशियों के सूर्य के भ्रमणकाल को छः मास उत्तरायण कहते हैं, जिन्हें देवताओं का दिन कहते हैं। कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु इन छः राशियों पर सूर्य के भ्रमणकाल को छः मास दक्षिणायन कहते हैं, जिन्हें देवताओं की रात्रि कहते हैं ॥ ९ ॥

अयनकृत्यम्—

गृहप्रवेशत्रिदशप्रतिष्ठा विवाहचौलव्रतबन्धपूर्वम् ।
सौम्यायने कर्म शुभं विधेयं यद् गर्हितं तत्खलु दक्षिणे च ॥ १० ॥

नूतन गृह-प्रवेश, देव-प्रतिष्ठा, विवाह, मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य उत्तरायण में होते हैं और निन्दित कार्य दक्षिणायन में होते हैं ॥ १० ॥

तिथिज्ञानम्—

प्रतिपच्च द्वितीया च तृतीया तदनन्तरम् ।
चतुर्थी पञ्चमी षष्ठी सप्तमी चाष्टमी तथा ॥ ११ ॥
नवमी दशमी चैवैकादशी द्वादशी ततः ।
त्रयोदशी ततो ज्ञेया ततः प्रोक्ता चतुर्दशी ॥
पौर्णिमा शुक्लपक्षे तु कृष्णपक्षे त्वमा स्मृता ॥ १२ ॥

प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, शुक्लपक्ष में पूर्णिमा, कृष्णपक्ष में उसी पन्द्रहवीं तिथि को अमा कहते हैं ॥ ११–१२ ॥

तिथीनां नन्दादिसंज्ञा—

नन्दा च भद्रा च जया च रिक्ता, पूर्णेति सर्वास्तिथयः क्रमात्स्युः ।
कनिष्ठमध्येष्टफलास्तु शुक्ले कृष्णे भवन्त्युत्तममध्यहीनाः ॥ १३ ॥

नन्दा = १।६।११, भद्रा = २।७।१२, जया = ३।८।१३, रिक्ता ४।९।१४, पूर्णा = ५।१०।१५ इस प्रकार शुक्ल प्रतिपदा से तीन पर्याय करने पर क्रम से नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता, पूर्णा १५ तिथियों की संज्ञा हैं । ये शुक्लपक्ष में कनिष्ठ, मध्य तथा इष्ट फल देनेवाली हैं और कृष्णपक्ष में उत्तम, मध्यम तथा हीन फल देनेवाली हैं ॥ १३ ॥

नन्दादिषु कृत्यमाह श्रीपतिः—

नन्दासु चित्रोत्सववास्तुतन्त्रक्षेत्रादि कुर्वीत तथैव नृत्यम् ।
विवाहभूषाशकटाध्वयाने भद्रासु कार्याण्यपि पौष्टिकानि ॥ १४ ॥

नन्दा तिथि में चित्र, उत्सव, वास्तु, तन्त्र, क्षेत्र आदि कार्य शुभ होते हैं । भद्रा में विवाह, भूषण, शकट, यात्रा, पौष्टिक कार्य शुभ माने गये हैं ॥ १० ॥

जयासु सङ्ग्रामबलोपयोगिकार्याणि सिद्धयन्ति हि निर्मितानि ।
रिक्तासु विद्विड्वधबन्धघातविषाग्निशस्त्रादि च यान्ति सिद्धिम् ॥ १५ ॥

जया में संग्राम, बलोपयोगी, निर्माण कार्य सिद्ध होते हैं; रिक्ता में शत्रुता (वैर), वध, घात, विष, अग्नि, शस्त्रसम्बन्धी कार्य सिद्ध होते हैं ॥ १५ ॥

पूर्णासु माङ्गल्यविवाहयात्राः सशान्तिकं पौष्टिककर्म कार्यम् ।
सदैव दर्शे पितृकर्म युक्तं नान्यद्विदध्याच्छुभमङ्गलादि ॥ १६ ॥

पूर्णा में सभी प्रकार के मंगल कार्य, यात्रा और शान्तिक तथा पौष्टिक कर्म सिद्ध होते हैं । अमावास्या में केवल पितृ-कार्य किये जाते हैं, अन्य शुभ कार्य इसमें नहीं करना चाहिये ॥ १६ ॥

सिद्धियोगाः—

शुक्रे नन्दा बुधे भद्रा जया क्षितिजनन्दने ।
शनौ रिक्ता गुरौ पूर्णा सिद्धियोगाः प्रकीर्तिताः ॥ १७ ॥

शुक्र को नन्दा १।६।११, बुध को भद्रा २।७।१२, मंगल को जया ३।८।१३, शनि को रिक्ता ४।९।१४ और बृहस्पति को पूर्णा ५।१०।१५ हो तो सिद्ध योग है, जो यात्रा में प्रशस्त है ॥ १७ ॥

मृत्युयोगाः—

आदित्य-भौमयोर्नन्दा भद्रा भार्गव-चन्द्रयोः ।
बुधे जया गुरौ रिक्ता शनौ पूर्णा च मृत्युदा ॥ १८ ॥

रवि और मंगल को नन्दा १।६।११, शुक्र और सोम को भद्रा २।७।१२, बुध को जया ३।८।१३, वृहस्पति को रिक्ता ४।९।१४ और शनि को पूर्णा ५।१०। १५ हों तो मृत्युयोग है। इसमें यात्रा नहीं करनी चाहिये ॥ १८ ॥

अमृतयोगाः—

चन्द्रार्कयोर्भवेत् पूर्णा कुजे भद्रा जया गुरौ ।
शनिचन्द्रजयोर्नन्दा भृगौ रिक्ताऽमृताह्वया ॥ १९ ॥

रवि और सोम के दिन पूर्णा ५।१०।१५, मंगल के दिन भद्रा २।७।१२, वृहस्पति के दिन जया ३।८।१३, शनि और बुध को नन्दा अमृत योग हैं। ये यात्रा के लिए मंगलदायक हैं ॥ १९ ॥

अथ नक्षत्रप्रकरणम्

अथ नक्षत्रनामानि—

अश्विनी भरणी चैव कृत्तिका रोहिणी तथा ।
मृगशीर्षस्तथाऽऽर्द्रा च पुनर्वसुरतः परम् ॥ १ ॥
पुष्याश्लेषामघाः प्रोक्ताः पूर्वा चोत्तरफाल्गुनी ।
हस्तश्चित्रा तथा स्वाती विशाखा तदनन्तरम् ॥ २ ॥
अनुराधा तथा ज्येष्ठा मूलभं च ततः परम् ।
पूर्वाषाढोत्तराषाढाऽभिजिच्च श्रवणं ततः ॥ ३ ॥
धनिष्ठा च ततो ज्ञेया शततारा ततः परम् ।
पूर्वाभाद्रपदा प्रोक्ता ततश्चोत्तरभाद्रकम् ॥ ४ ॥
रेवती चेति भानां हि नामानि कथितानि वै ।
सप्तविंशतिसंख्यानां सदसत्फलहेतवे ॥ ५ ॥

अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा, अभिजित, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा और रेवती ये २८ नक्षत्र कहे गये हैं। पर मूल में २७ नक्षत्रों का ही नाम आया है, इसका कारण यह है कि उत्तराभाद्रपदा का अंतिम

चतुर्थांश और श्रवण का प्रथम पंचदशांश मिलकर अभिजित् का मान है। इसलिए अभिजित् की गणना अलग नहीं होती है।

संहिताग्रन्थों में तो नक्षत्रों का अलग-अलग भोग वताया गया है। उसमें सब नक्षत्रों के भोग का योग चक्रकला में २१६०० घटाकर शेष अभिजित् का भोग माना है ॥ १–५ ॥

अथ नक्षत्रदेवता—

अश्विनावन्तको वह्निस्ततो धाता निशाकरः।
रुद्रोऽदितिर्गुरुः सर्पः पितरो भग एव च ॥ ६ ॥
अर्यमा च रविस्त्वष्टा वायुर्वह्निपुरन्दरौ।
मित्रः शक्रश्च निर्ऋतिः सलिलं च ततः परम् ॥ ७ ॥
विश्वेदेवा विधिर्विष्णुर्वसवो वरुणस्ततः।
ततोऽजपादहिर्बुध्न्यः पूषा नक्षत्रदेवता ॥ ८ ॥

अश्विनी का स्वामी अश्विनीकुमार, भरणी का यम, कृत्तिका का अग्नि, रोहिणी का ब्रह्मा, मृगशीर्ष का चन्द्रमा, आर्द्रा का रुद्र, पुनर्वसु का अदिति, पुष्य का बृहस्पति, आश्लेषा का सर्प, मघा का पितर, पूर्वाफाल्गुनी का भग (सूर्यविशेष), उत्तराफाल्गुनी का अर्यमा (सूर्यविशेष), हस्त का रवि, चित्रा का त्वष्टा (विश्वकर्मा), स्वाति का वायु, विशाखा का अग्नि और इन्द्र, अनुराधा का मित्र (सूर्यविशेष), ज्येष्ठा का इन्द्र, मूल का निर्ऋति (राक्षस), पूर्वाषाढ़ा का जल, उत्तराषाढ़ा का विश्वेदेव, अभिजित् का ब्रह्मा, श्रवण का विष्णु, धनिष्ठा का अष्टवसु, शतभिषा का वरुण, पूर्वाभाद्रपदा का अहिर्बुध्न्य (सूर्यविशेष), रेवती का पूषा (सूर्यविशेष) इस प्रकार अश्विन्यादि नक्षत्रों के देवता कहे गये हैं। जिस नक्षत्र के जो देवता हैं उन देवताओं से भी उन नक्षत्रों का ज्ञान होता है। जैसे—रुद्र से आर्द्रा, विष्णु से श्रवण, अजपाद् से पूर्वाभाद्रपदा इत्यादि ॥ ६–८ ॥

शतपदचक्रविवरणम्—

चूचेचोलाऽश्विनी प्रोक्ता लीलूलेलो भरण्यथ।
आईऊए कृत्तिका स्यादोवावीवू तु रोहिणी ॥ ९ ॥
वेवोकाकी मृगशिरः कूघङछास्तथाऽऽर्द्रकाः।
केकोहाही पुनर्वसूहूहेहोडा तु पुष्यभम् ॥ १० ॥

डीडूडेडो तु आश्लेषा मामीमूमे मघा स्मृता।
मोटाटीटू पूर्वफल्गु टेटोपाप्युत्तरं तथा ॥ ११ ॥
पूषणाठा हस्ततारा पेपोरारी च चित्रिका।
रूरेरोता स्मृता स्वाती तीतूतेतो विशाखिका ॥ १२ ॥
नानीनूनेऽनुराधर्क्षं नोयायीयू च शुक्रभम्।
येयोभाभी मूलतारा पूर्वाषाढा भुधाफढाः ॥ १३ ॥
भेभोजाज्युत्तराषाढा जूजेजोषाभिजिद् भवेत्।
खीखूखेखो श्रवणभं गागीगूगे धनिष्ठिका ॥ १४ ॥
गोसासीसू शतभिषक् सेसोदादी तु पूर्वभाक्।
दूथझञ उत्तराभं देदोचाची तु रेवती ॥ १५ ॥

चू चे चो ला अश्विनी, ली लू ले लो भरणी, आ ई ऊ ए कृत्तिका, ओ वा वी वू रोहिणी, वे वो का की मृगशिरा, कू घ ङ छ आर्द्रा, के को हा ही पुनर्वसु, हू हे हो डा पुष्य, डी डू डे डो आश्लेषा, मा मी मू मे मघा, मो टा टी टू पूर्वाफाल्गुनी, टे टो पा पी उत्तराफाल्गुनी, पू ष णा ठ हस्त, पे पो रा री चित्रा, रु रे रो ता स्वाती, ती तू ते ता विशाखा, ना नी नू ने अनुराधा, नो या यी यू ज्येष्ठा, ये यो भा भी मूल, भु धा फ ढ पूर्वाषाढ़ा, भे भो जा जी उत्तराषाढ़ा, जू जे जो ष अभिजित, खी खू खे खो श्रवण, गा गी गू गे धनिष्ठा, गो सा सी सू शतभिषा, से सो दा दी पूर्वाभाद्रपद, दू थ झ ञ उत्तराभाद्रपद, दे दो चा ची रेवती। इस प्रकार प्रत्येक नक्षत्र में चार-चार चरण होते हैं और ९-९ चरण की एक-एक राशि होती है। नक्षत्र के जिस चरण में जातक का जन्म हो तदनुसार अश्विन्यादि नक्षत्रों का चरणज्ञान करके जिस चरण में जो वर्ण हो उसी वर्ण के अनुसार जातक का नामाद्यक्षर होता है।

उदाहरण—जैसे—मृगशिरा के तृतीय चरण में जिसका जन्म होगा, उसका नाम 'कलमाकान्त', 'कलाधर', 'काशीनाथ' इत्यादि हो सकता है। यदि इस पद्धति के अनुसार ङ, ण, ञ वर्ण विशिष्ट नक्षत्र का चरण हो तो उसका नामाद्यक्षर ग, ड, ज होगा, जैसे—आर्द्रा के तृतीय चरण में होने से 'गदाधर', 'गजानन', 'गङ्गाधर' इत्यादि होगा ॥ ९–१५ ॥

ध्रुवगणं तथा तत्कृत्यं च—

उत्तरात्रयरोहिण्यो भास्करश्च ध्रुवं स्थिरम्।
तत्र स्थिरं बीजगेहशान्त्यारामादिसिद्धये ॥ १६ ॥

तीनों उत्तरा, रोहिणी, रवि दिन ध्रुव और स्थिर संज्ञक हैं, इसमें स्थिर कार्य बीज बोनां, गृह कार्य, शान्तिकर्म, वाटिका कार्य करना चाहिये ॥ १६ ॥

चरगणं तत्प्रयुक्तकार्यमाह—

स्वात्यादित्ये श्रुतेस्त्रीणि चन्द्रश्चापि चरं चलम् ।
तस्मिन् गजादिकारोहो वाटिकागमनादिकम् ॥ १७ ॥

स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा नक्षत्र और सोमवार का दिन चर और चल संज्ञक हैं। इसमें घोडा, हाथी आदि स्वयं चलनेवाले वाहन पर चढ़ना और वाटिका सम्बन्धी कार्य तथा यात्रा शुभ माने गये हैं॥ १७ ॥

उग्रगणं तत्कृत्यं च—

पूर्वात्रयं याम्यमघे उग्रं क्रूरं कुजस्तथा ।
तस्मिन् घाताग्निशाठ्यानि विषशस्त्रादि सिद्ध्यति ॥ १८ ॥

तीनों पूर्वा, भरणी, मघा और मंगल का दिन उग्र और क्रूर संज्ञक हैं। इसमें घात, अग्नि, शठता, विष, शस्त्र आदि संघातक कार्य सिद्ध होते हैं ॥ १८ ॥

मिश्रगणं तत् कृत्य च

विशाखाग्नेयभे सौम्यो मिश्रं साधारणं स्मृतम् ।
तत्राऽग्निकार्यं मिश्रं च वृषोत्सर्गादिसिद्धये ॥ १९ ॥

कृत्तिका, विशाखा नक्षत्र और बुध का दिन मिश्र और साधारण संज्ञक हैं। इसमें मिश्रित कार्य, अग्निकार्य और वृषोत्सर्ग सिद्ध होते हैं ॥ १९ ॥

लघुगणं तत्कृत्यं च—

हस्ताश्विपुष्याभिजितः क्षिप्रं लघु गुरुस्तथा ।
तस्मिन् पण्यरतिज्ञानभूषाशिल्पकलादिकम् ॥ २० ॥

हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित् नक्षत्र और गुरु का दिन लघु और क्षिप्र संज्ञक हैं। इसमें विपणी, मैथुन, ज्ञानोपार्जन, शिल्प, कला आदि कार्य सिद्ध होते हैं ॥ २० ॥

मृदुगणं तत्कृत्यं च—

मृगान्त्यचित्रामित्रर्क्षं मृदु मैत्रं भृगुस्तथा ।
तत्र गीताम्बरं क्रीडा मित्रकार्यं विभूषणम् ॥ २१ ॥

मृगशिरा, चित्रा, रेवती, अनुराधा और शुक्र दिन मृदु और मैत्र संज्ञक हैं। इसमें गीत गाना, वस्त्र-धारण, खेल, मित्रता करना, भूषणधारण शुभ होता है ॥ २१ ॥

मूलेन्द्रार्द्राहिभं सौरिस्तीक्ष्णं दारुणसंज्ञकम् ।
तत्राभिचारघातोग्रभेदाः पशुदमादिकम् ॥ २२ ॥

मूल, ज्येष्ठा, आश्लेषा नक्षत्र और शनि का दिन तीक्ष्ण और दारुण संज्ञक है। इसमें अभिचार (मारण), घात, उग्र, भेद, पशु दमन (कुटाना तथा नाथना) आदि कार्य सिद्ध होते हैं ॥ २२ ॥

पञ्चकम्—

धनिष्ठार्द्धोत्तरं पञ्च ऋक्षेष्वेषु त्यजेद् बुधः ।
याम्यदिग्गमनं शय्या . पूरणं गेहगोपनम् ॥ २३ ॥

स्तम्भोच्छ्रायं प्रेतदाहं तृणकाष्ठादि संग्रहम् ।
भवेत् पञ्चगुणं चात्र जातं लब्धं मृतं मतम् ॥ २४ ॥

धनिष्ठा का उत्तरार्ध, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती ये पञ्चक नक्षत्र हैं। इसमें स्तम्भ गाड़ना, प्रेतदाह, तृणकाष्ठ संग्रह, दक्षिण दिशा की यात्रा, चारपाई तथा घर का छाना वर्जित है। क्योंकि शास्त्रकारों ने पञ्चक का पाँचगुणा फल माना है। जैसे :—एक शव का दाह करने पर पाँच शव का दाह करना पड़ता है। इसी तरह वर्णित प्रत्येक कार्य का पंचगुणित फल होता है ॥ २३–२४ ॥

सफलत्रिपुष्करयोग—

भद्रातिथौ रविज-भूतनयार्कवारे,
द्वीशार्यमाजचरणादितिवह्नियैश्वे ।
त्रैपुष्करो भवति मृत्युविनाशवृद्धौ,
त्रैगुण्यदो द्विगुणकृद्वसुतक्षचान्द्रे ॥ २५ ॥

भद्रातिथि २।६।१२ दिन, शनि, मंगल, रवि, नक्षत्र—कृत्तिका, पुनर्वसु उत्तराफाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढ़, पूर्वाभाद्रपद में से किसी तीन का एक दिन संयोग होने पर त्रिपुष्कर योग होता है। इसमें मृत्यु, हानि तथा वृद्धि, लाभ होने पर त्रिगुणित फल होता है और उन्हीं तिथि और दोनों में मृगशिरा, चित्रा, धनिष्ठा का योग होने पर द्विपुष्कर योग होता है। इसमें द्विगुण फल होता है ॥ २५ ॥

नक्षत्राणामन्धादि संज्ञा—

अन्धकमथमन्दाक्षं मध्यमसंज्ञं सुलोचनं पश्चात् ।
पर्यायेण च गणयेच्चतुर्विधं [illegible] ॥ २६ ॥

रोहिणी से चार आवृत्ति करने पर चार अन्धादि संज्ञक नक्षत्र होते हैं।

जैसे :—

अन्धाक्ष	मन्दाक्ष	मध्याक्ष	सुलोचन
रोहिणी, पुष्य	मृगशिरा, आश्लेषा	आर्द्रा, मघा	पुनर्वसु, पू. फा.
उ. फा., विशाखा	हस्त, अनुराधा	चित्रा, ज्येष्ठा	स्वाती, मूल
पू. षा., धनिष्ठा	उ. षा., शतभिष	अभिजित्, पू.भा.	श्रवण, ऊ. भा.
रेवती।	अश्विनी।	भरणी।	कृत्तिका ॥२६॥

अन्धादिनक्षत्राणां फलम्—

विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः।
स्या द् दूरे श्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने ॥ २७ ॥

अन्ध संज्ञक नक्षत्रों में भूली हुई वस्तु शीघ्र मिलती है। मन्दाक्ष में प्रयास करने पर मिलती है और मध्याक्ष में दूर श्रवण मात्र होता है और सुलोचन में न सुनाई पड़ती है और न प्राप्त होती है ॥ २७ ॥

करणज्ञानम्—

वर्तमानतिथिर्व्येकाद्विघ्नी सप्तावशेषकम्।
तिथेः पूर्वार्धकरणं तत् सैकं स्यात्परे दले ॥ २८ ॥

एक तिथि में दो करण होता है। वर्तमान करण जानने के लिए तिथि को दूना कर एक घटाकर सात का भाग देने पर शेष वर्तमान तिथि के पूर्वार्ध में करण होता है। शेष में एक जोड़ने पर तिथि के उत्तरार्ध में करण होता है ॥ २८ ॥

योगनामानि—

विष्कुम्भः प्रीतिरायुष्मान् सौभाग्यः शोभनाभिधः।
अतिगण्डः सुकर्माख्यो धृतिः शूलाभिधानकः ॥ २९ ॥
गण्डो वृद्धिर्ध्रुवश्चाथ व्याघातो हर्षणाह्वयः।
वज्रसिद्धिर्व्यतीपातो वीरयान्परिघः शिवः ॥ ३० ॥
सिद्धिः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मा चैन्द्रोऽथ वैधृतिः।
योगानां ज्ञेयमेतेषां स्वनामसदृशं फलम् ॥ ३१ ॥
वाक्पतेरर्कनक्षत्रं श्रवणाचन्द्रमेव च।
गणयेत्तद्युतिं कुर्याद्योगः स्याद्वृक्षशेषतः ॥ ३२ ॥

विष्कुम्भ, प्रीति, आयुष्मान्, सौभाग्य, शोभन, अतिगंड, सुकर्मा, धृति, शूल, गण्ड, वृद्धि, ध्रुव, व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि, व्यतीपात, वरीयान, परिघ, शिव, सिद्धि, साध्य, शुभ, शुक्ल, ब्रह्मा, ऐन्द्र और वैधृति ये सत्ताईस योग शास्त्र में कथित हैं ॥ २९–३२ ॥

ववादिसप्तकरणानि—

ववाह्वयं बालवकौलवाख्ये, ततो भवेत्तै तिलनामधेयम् ।
गराभिधानं वणिजं च विष्टिरित्याहुरार्या करणानि सप्त ॥ ३३ ॥
चतुर्दशी या शशिना विहीना तस्या विभागे शकुनिर्द्वितीये ।
दर्शाद्ययोस्तच्चतुरंघ्रिनागो किंस्तुघ्नमाद्ये प्रतिपद्दले च ॥ ३४ ॥

वव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि ये सात चर करण हैं और कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के अन्त में शकुनि अमावास्या के पूर्वार्ध में चतुष्पद, उत्तरार्ध में नाग, शुक्ल प्रतिपदा के पूर्वार्ध में किंस्तुघ्न ये चार स्थिर करण हैं ॥ ३३–३४ ॥

विष्टि-ज्ञानम्—

एकादश्यां चतुर्थ्यां च शुक्ले पक्षे परे दले ।
अष्टम्यां पूर्णिमायां च भद्रा पूर्वदले स्मृता ॥ ३५ ॥
तृतीयायां दशम्यां च कृष्णे पक्षे परे दले ।
सप्तम्यां च चतुर्दश्यां भद्रा पूर्वदले भवेत् ॥ ३६ ॥

शुक्ल पक्ष की एकादशी, चतुर्थी के उत्तरार्ध में और अष्टमी, पूर्णिमा के पूर्वार्ध में भद्रा होती है । कृष्ण पक्ष की तृतीया, दशमी के उत्तरार्ध और सप्तमी, चतुर्दशी के पूर्वार्ध में भद्रा होती है ॥ ३५–३६ ॥

भद्रा-वासः—

कन्या-तुला-मकर-धन्विषु नागलोके
मेषालिवैणिकवृषेषु सुरालये स्यात् ।
पाठीन-सिंह घट-कर्कटकेषु मर्त्ये
चन्द्रे वदन्ति मुनयस्त्रिविधां हि विष्टिम् ॥ ३७ ॥

कन्या, तुला, धनु, मकर राशि के चन्द्रमा होने पर यदि भद्रा हो तो भद्रा का वास पाताल लोक में रहता है और मेष, वृष, मिथुन, विश्चिक राशि के चन्द्र में स्वर्ग लोक में तथा कर्क, सिंह, कुम्भ, मीन के चन्द्र में मृत्युलोक में भद्रा का निवास होता है । मृत्युलोक की भद्रा शुभ नहीं है ॥ ३७ ॥

अथ राशिप्रकरणम्

राशिनामानि—

मेषो वृषोऽथ मिथुनं कर्कटः सिंहकन्यके ।
तुलाऽथ वृश्चिको धन्वी मकर कुम्भमीनकौ ॥ १ ॥

मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ, मीन ये बारह राशियाँ हैं ॥ १ ॥

राशीशानाह—

मेषवृश्चिकयोर्भौमः शुक्रो वृषतुलाधिपः ।
बुधः कन्यामिथुनयोः पतिः कर्कस्य चन्द्रमाः ॥
जीवो मीनधनुः स्वामी शनिर्मकरकुम्भयोः ।
सिंहस्याधिपतिः सूर्यः कथितो गणकोत्तमैः ॥ २ ॥

मेष-वृश्चिक का स्वामी मंगल, वृष तुला का अधिपति शुक्र, कन्या-मिथुन का स्वामी बुध, कर्क का स्वामी चन्द्रमा, मीन-धनु का स्वामी बृहस्पति, मकर-कुम्भ का स्वामी शनि और सिंह का स्वामी सूर्य हैं ॥ २ ॥

उच्चनीचग्रहानाह—

अजवृषभमृगाङ्गनाकुलीरा झषवणिजौ च दिवाकरादितुङ्गाः ।
दशशिखिमनुयुक्तिथीन्द्रियांशैस्त्रिनवकविंशतिभिश्च तेऽस्तनीचाः ॥ ३ ॥

सूर्य मेष में १० अंश परमोच्च, चन्द्रमा वृष में ३ अंश, भौम मकर में २८ अंश, बुध कन्या में १५ अंश, गुरु कर्क में ५ अंश, शुक्र मीन में २७ अंश, शनि तुला में २७ अंश परम नीच, २० अंश परमोच्च है और उच्च से सातवीं राशि में है ॥ ३ ॥

चन्द्रवासमाह—

मेषे च सिंहे धनुपूर्वभागे वृषे च कन्या मकरे च याम्ये ।
युग्मे तुलायां च घटे प्रतीच्यां कर्कालिमाने दिशि चोत्तरस्याम् ॥ ४ ॥

मेष, सिंह, धनु, राशि में पूर्व, वृष, कन्या, मकर राशि में दक्षिण, मिथुन, तुला कुम्भ राशि में पश्चिम और कर्क, वृश्चिक, मीन राशि में उत्तर दिशा में चन्द्रमा का वास होता है ॥ ४ ॥

राशिपरिज्ञानम्—

अश्विनी भरणी कृत्तिकापादे मेषः ।
कृत्तिकायास्त्रयः पादा रोहिणी मृगशिरोऽर्द्धं वृषः ॥ ५ ॥

मृगशिरोऽर्धमार्द्रा पुनर्वसुपादत्रयं मिथुनम् ।
पुनर्वसुपादमेकं पुष्य अश्लेषान्तं कर्कः ॥ ६ ॥
मघा च पूर्वाफाल्गुनी उत्तरापादे सिंहः ।
उत्तरायास्त्रयः पादा हस्तश्चित्रार्धं कन्या ॥ ७ ॥
चित्रार्धं स्वातिर्विशाखापादत्रयं तुला ।
विशाखापादमेकमनुराधा ज्येष्ठान्तं वृश्चिकः ॥ ८ ॥
मूलम् च पूर्वाषाढा उत्तरापादे धनुः ।
उत्तरायास्त्रयः पादाः श्रवणो धनिष्ठार्धं मकरः ॥ ९ ॥
धनिष्ठार्धं शतभिषा पूर्वाभाद्रपदापादत्रयं कुम्भः ।
पूर्वाभाद्रपदपादमेकमुत्तरा रेवत्यन्तं मीनः ॥ १० ॥

अश्विनी, भरणी और कृत्तिका के एक पाद (चरण) पर्यन्त मेष राशि होती है, कृत्तिका के तीन चरण, रोहिणी और मृगशिरा के दो चरण वृष राशि, मृगशिरा के दो चरण, आर्द्रा और पुनर्वसु के तीन चरण मिथुन राशि, पुनर्वसु का एक चरण, पुष्य, आश्लेषा कर्क राशि, मघा, पूर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी के एक चरण सिंह राशि है, उत्तराफाल्गुनी के तीन पाद, हस्त तथा चित्रा के दो चरण, कन्या, चित्रा के दो चरण, स्वाती, विशाखा के तीन चरण, तुला, विशाखा के एक चरण, अनुराधा और ज्येष्ठा, वृश्चिक, मूल, पूर्वाषाढा और उत्तराषाढा के एक चरण, धनु, उत्तराषाढा के तीन चरण, श्रवण और धनिष्ठा के दो चरण, मकर, धनिष्ठा के दो चरण, शतभिषा और पूर्वाभाद्रपदा के तीन चरण, कुम्भ एवं पूर्वाभाद्रपदा का एक चरण, उत्तराभाद्रपदा और रेवती मीन राशि होता है। (स्पष्टार्थ अग्रिम चक्र देखें) ॥ ५–१० ॥

चन्द्रफलम्

सम्मुखे चार्थलाभाय पृष्ठे चन्द्रे धनक्षयः ।
दक्षिणे सुखसम्पत्तिर्वामे तु मरणं ध्रुवम् ॥ ११ ॥

सम्मुख चन्द्रमा कार्य के आरम्भ में या यात्रा में धन का लाभ करता है और पीछे का चन्द्रमा धन का विनाश, दाहिने सुख और सम्पत्ति तथा वाम चन्द्रमा निश्चय मरण करता है ॥ ११ ॥

आद्ये चन्द्रः श्रियं कुर्यान्मनस्तोषं द्वितीयके ।
तृतीये धनसम्पत्तिश्चतुर्थे कलहागमः ॥ १२ ॥

जन्म-नक्षत्र-चरण-राशिबोधकचक्रम्

राशि				
मेष—	चू. चे. चो. ला.	ली. लू. ले. लो.	आ	
	अश्विनी	भरणी ४	कृत्तिका १	=९
वृष—	इ. उ. ए.	ओ वा वि वु	वे वो	
	कृत्तिका ३	रोहिणी ४	मृगशिरा २	=९
मिथुन—	का. की.	कु घ ङ छ	के को हा	
	मृगशिरा २	आर्द्रा ४	पुनर्वसु ३	=९
कर्क—	हि	हू हे हो डा	डी डू डे डो	
	पुनर्वसु १	पुष्य ४	आश्लेषा ४	=९
सिंह—	मा. मी. मू. मे.	मो टा टी टू	टे	
	मघा ४	पूर्वाफाल्गुनी ४	उत्तराफाल्गुनी १	=९
कन्या—	टो. पा. पी.	पू ष ण ठ	पे पो	
	उत्तराफाल्गुनी २	हस्त ४	चित्रा २	=९
तुला—	रा. री.	रू रे रो ता	ती तू ते	
	चित्रा २	स्वाती ४	विशाखा ३	=९
वृश्चिक—	तो	ना नी नू ने	नो या यि यू	
	विशाखा १	अनुराधा ४	ज्येष्ठा	=९
धनु—	ये. यो. भा. भी.	भू ध फ ढा	भे	
	मूल ४	पूर्वाषाढा ४	उत्तराषाढा १	=९
मकर—	भो जा जी	खी. खू. खे. खो.	गा गी	
	उत्तराषाढा ३	श्रवण ४	धनिष्ठा २	=९
कुम्भ—	गू. गे.	गो. सा. सि. सू.	से सो दा	
	धनिष्ठा २	शतभिषा ४	पूर्वाभाद्रपदा ३	=९
मीन—	दी	दू. थ. झ. ञ.	दे. दो. चा. ची.	

पञ्चमे ज्ञानवृद्धिश्च षष्ठे सम्पत्तिरुत्तमा ।
सप्तमे राजसम्मानं मरणं चाष्टमे तथा ॥ १३ ॥
नवमे धर्मलाभश्च दशमे मनसेप्सितम् ।
एकादशे सर्वलाभो द्वादशे केवलं क्षतिः ॥ १४ ॥

प्रथम (जन्म) राशि के चन्द्र में लाभ, दूसरे में मन का सन्तोष, तीसरे में धन-सम्पत्ति, चौथे में झगड़ा, पाँचवें में ज्ञान की वृद्धि, छठे में उत्तम सम्पत्ति, सातवें में राजसम्मान, आठवें में मरण (अतिक्लेश), नवें में धर्मलाभ, दसवें में मनोऽभिलषित सिद्धि, ग्यारहवें में सर्वलाभ, बारहवें में केवल हानि होती है ॥ १२–१४ ॥

ग्रहाणां भुक्तसंख्या—

सप्तविंशति शुक्रः स्यादेकविंशद् बुधस्तथा ।
त्रिपक्षं भूमिपुत्रस्तु मासमेकं तु भास्करः ॥ १५ ॥
गुरुस्त्रिदशमासांश्च त्रिंशन्मासान् शनैश्चरः ।
राहुकेतू सार्धवर्षं ग्रहसंख्या विगद्यते ॥ १६ ॥

एक राशि पर शुक्र सत्ताईस दिन, बुध इक्कीस दिन, मंगल डेढ़ महीना, सूर्य एक मास, वृहस्पति तेरह महींना, शनैश्चर ढाई वर्ष और राहु-केतू डेढ़-डेढ़ वर्ष रहते ॥ १५–१६ ॥

इति राशि-प्रकरणम्

—:o:—

अथ मुहूर्तप्रकरणम्

तदादौ गर्भाधानम्—

स्त्रीणामृतुर्भवति षोडशवासराणि
तत्रादितः परिहरेच्च निशाश्चतस्रः ।
युग्मासु रात्रिषु नरा विषमासु नार्यः
कुर्यान्निषेकमथ तेष्वपि पर्ववर्ज्यम् ॥ १ ॥

स्त्रियों के गर्भाधान में रजोदर्शन के दिन से सोलह दिन तक गर्भाधान का समय है, जिनमें प्रथम चार रात्रि छोड़कर शेष बारह दिन के भीतर विषम रात्रि ५–७–९ इत्यादि में सहवास करने से कन्या और सम रात्रि ६–८–१० इत्यादि में सहवास करने से पुत्र होता है। किन्तु इसके भीतर पर्वदिन में सहवास का निषेध है ॥ १ ॥

पर्वाणि यथा—

चतुर्दश्यष्टमी चैव अमावास्या च पूर्णिमा ।
पर्वाण्येतानि राजेन्द्र रविसंक्रान्तिरेव च ॥ २ ॥

चतुर्दशी, अष्टमी, अमावास्या, पूर्णिमा और संक्रान्ति ये पर्व के दिन हैं ॥ २ ॥

गर्भाधाने विहितनक्षत्राणि—

हरिहस्तानुराधाश्च स्वातीवरुणवासवम् ।
त्रीण्युत्तराणि मूलं च रोहिणी चोत्तमा स्मृता ॥ ३ ॥
चित्रादैत्येन्द्रतिष्याणि तुरगं च समध्यमम् ।
शेषभान्यधमान्याहुर्वर्जनीया निषेचके ॥ ४ ॥

श्रवण, हस्त, अनुराधा, स्वाती, शतभिषा, धनिष्ठा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा उत्तराभाद्रपद, मूल और रोहिणी ये नक्षत्र गर्भाधान में उत्तम हैं। चित्रा, पुनर्वसु, पुष्य और आश्विनी ये नक्षत्र गर्भाधान के लिए मध्यम कहे गये हैं और शेष नक्षत्र वर्जित हैं ॥ ३-४ ॥

गर्भाधाने विहिततिथयः—

नन्दा भद्रा स्मृता पुंसि स्त्रीषु पूर्णा जया स्मृता ।
रिक्ता नपुंसके ज्ञेया तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥ ५ ॥

नन्दा तथा भद्रा तिथि पुरुष संज्ञक हैं। जया और पूर्णा स्त्री संज्ञक हैं। रिक्ता नपुंसक संज्ञक है। पुरुष और स्त्री संज्ञक तिथि में गर्भाधान शुभ है और नपुंसक संज्ञक में वर्जित है ॥ ५ ॥

गर्भाधाने विहितदिनानि—

वासरा पुत्रदाः प्रोक्ताः कुजार्कगुरवो ध्रुवम् ।
कन्यादौ भृगुशीतांशू क्लीबदौ शनिचन्द्रजौ ॥ ६ ॥

वृहस्पति, रवि और मङ्गल इन दिनों में गर्भाधान से पुत्र होता है और शुक्र एवं सोम में कन्या तथा शनि और बुध में नपुंसक होता ॥ ६ ॥

सूतीस्नानम्—

करेन्द्रभाग्यानिलवासवान्त्यमैत्रैन्दवाश्विध्रुवभेऽह्नि पुंसाम् ।
तिथावरिक्ते शुभमामनन्ति प्रसूतिकास्नानविधौ मुनीन्द्राः ॥ ७ ॥

हस्त, ज्येष्ठा, पूर्वाफाल्गुनी, स्वाती, धनिष्ठा, रेवती और अनुराधा, अश्विनी,

एवं ध्रुवसंज्ञक नक्षत्रों में तथा पुरुषसंज्ञक दिन में एवं रिक्ता वर्जित तिथि में बालक सहित प्रसूती को स्नान करना मुनि लोगों ने शुभ कहा है ॥ ७ ॥

स्नाता प्रसूताप्यसुता बुधे च स्नाता च वन्ध्या भृगुनन्दने च ।
सौरे च मृत्युः पयहानिरिन्दौ पुत्रार्थलाभौ रविभौमजीवे ॥ ८ ॥

बुधवार में स्नान करने से प्रसूता स्त्री असुता (पुत्ररहित) हो जाती है, शुक्रवार में स्नान करने से वन्ध्या (मृतवन्ध्या) होती है, शनिवार में स्नान मृत्युकारक होता है, सोमवार में स्नान करने से स्तन्य (दूध) का नाश होता है तथा रवि, मङ्गल और गुरुवार में स्नान करने से पुत्र, धन और इच्छित वस्तु प्राप्त होती है ॥ ८ ॥

प्रसूतिशुद्धदिवसाः

अजा गावो महिष्यश्च ब्राह्मणी नवसूतिका ।
दशाहेनैव शुद्ध्यन्ति भूमिष्ठश्च नवोदकम् ॥ ९ ॥

महिषी, बकरी, गौ और ब्राह्मणी ये सब प्रसूति होने पर और भूमिष्ठ नवीन जल दश दिन के बाद शुद्ध हो जाता है ॥ ९ ॥

नामकरणम्

वस्वादित्यगुरूत्तरादिति मृगैश्चित्राऽनुराधानिलैः
मूलावैष्णवरेवतीन्दुतुरगैः संज्ञां प्रकुर्याच्छिशोः ।
वारेऽहर्पतिचन्द्रवाक्पतिबुधे लग्ने गुरौ शोभने
सौम्यैः केन्द्रनवात्मजन्मसहितैः पापैश्च शेषस्थितैः ॥ १० ॥

धनिष्ठा, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा (उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपदा, उत्तराषाढा), हस्त, मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, स्वाती, मूल, श्रवण, रेवती, ज्येष्ठा और अश्विनी इन नक्षत्रों में रवि, सोम, बुध और बृहस्पति दिनों में शुभ लग्नस्थ बृहस्पति हों और शुभग्रह १. ४. ७. १०. ९. ५. इन स्थानों में हों या जन्मराशि में शुभग्रह हों, पाप ग्रह शेष स्थान में हों तो नामकरण शुभ है ॥ १० ॥

निष्क्रमणम्

आर्द्राऽधोमुखवर्जितानुपहतर्क्षे वाप्यरिक्ते तिथौ
वारे भौमशनीतरे घटतुलासिंहालिकन्योदये ।
सद्दृष्टेऽथ चतुर्थमासि यदि वा मासे तृतीये शशि-
न्यशोभे शुभदं शिशोरथ गृहान्निष्क्रमणं कारयेत् ॥ ११ ॥

आर्द्रा, अधोमुख और सूर्य किरण से हत नक्षत्रों से रहित नक्षत्रों में रिक्ता वर्जित तिथि और मङ्गल तथा शनिरहित दिनों में कुम्भ, तुला, सिंह, वृश्चिक और कन्या लग्नों में शुभग्रह की दृष्टि हो, तीसरे और चौथे महीने में, शुक्लपक्ष में बालक को प्रथमतः बाहर निकालना शुभ है ॥ ११ ॥

भूम्युपवेशनम्—

पृथ्वीं वराहं विधिवत्प्रपूज्य शुद्धे कुजे पञ्चममासि बालम् ।
क्षिप्रध्रुवे सत्तिथिवासराद्ये निवेशयेत्कौ कटिसूत्रबद्धम् ॥ १२ ॥

पृथ्वी और वराहरूप भगवान् की विधिवत् पूजा करके, मङ्गल शुद्ध हों, पाँचवें महीने में क्षिप्र और ध्रुव संज्ञक नक्षत्रों में शुभ तिथि और शुभ दिन में बालक को कटि-सूत्र (करधन) कमर में बाँधकर पृथ्वी पर बैठाना शुभ है ॥ १२ ॥

शिशुविलोकनम्—

तृतीये मासि यात्रोक्ततिथावह्नचर्कचन्द्रयोः ।
वारे च कुलरीत्या वा शुभं शिशुविलोकनम् ॥ १३ ॥

तीसरे महीने में और यात्रा में कहे तिथि-नक्षत्रों में रवि, सोम दिन में अपने कुलाचार के अनुसार बालक को प्रथम बार देखना शुभ है ॥ १३ ॥

दन्तोत्पत्तिकथनम्—

जन्मतः पञ्चमासेषु दन्तोत्पत्तिर्न शोभना ।
शुभा षष्ठादिके ज्ञेया न सदन्तजनिः शुभा ॥ १४ ॥

जन्म से पाँचवें महीने तक बालक को दाँत होना अशुभ है और छठे आदि महीने से शुभ है तथा दाँत के सहित बालक का जन्म होना शुभ नहीं है ॥ १४ ॥

अन्नप्राशनमुहूर्त :—

आद्यान्नप्राशने पूर्वाः सार्पेशजलपान्तकाः ।
नक्षत्रेषु परित्याज्यौ वारौ भौमार्कनन्दनौ ॥ १५ ॥
द्वादशी सप्तमी रिक्ता पर्वनन्दाविवर्जिताः ।
लग्नेषु चाण्डजस्त्याज्यस्तथा मेषसरीसृपौ ॥ १६ ॥
शुक्लपक्षः शुभो योगः संग्राह्यः शुभचन्द्रमाः ।
मासौ षष्ठाष्टमौ पुंसां स्त्रीणां मासश्च पञ्चमः ॥ १७ ॥

प्रथम अन्नप्राशन के समय तीनों पूर्वा, आश्लेषा, आर्द्रा, शतभिषा, भरणी और रेवती ये नक्षत्र त्याज्य हैं, मंगल और शनैश्चर के दिन त्याज्य हैं, द्वादशी १२, सप्तमी ७, रिक्ता ४, ९, १४, पर्व ३०, १५, कृष्णाष्टमी ८, संक्रान्ति; नन्दा १, ६, ११, ये सब तिथि एवं मीन, मेष और वृश्चिक ये लग्न त्याज्य हैं, उक्त निषिद्ध के अतिरिक्त अन्य नक्षत्र, अन्य वार और तिथियाँ, शुक्लपक्ष, शुभयोग शुभ चन्द्रमा ये सब ग्राह्य हैं तथा पुरुषों के लिए जन्म से छठाँ या आठवाँ महीना एवं स्त्रियों के लिए पाँचवाँ महीना ग्राह्य है ।। १५-१७ ।।

मुण्डनमुहूर्तः—

पुनर्वसुद्वये ज्येष्ठामृगे च श्रवणत्रये ।
हस्तत्रयेऽश्विरेवत्यां शुक्लपक्षोत्तरायणे ।। १८ ।।

लग्ने गोस्त्रीधनु-कुम्भे मकरे मन्मथे तथा ।
सौम्ये वारे शुभे योगे चूडाकर्म स्मृतं बुधैः ।। १९ ।।

पुनर्वसु, पुष्य, ज्येष्ठा, मृगशिरा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अश्विनी और रेवती इन नक्षत्रों में, शुक्लपक्ष और उत्तरायण (मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष और मिथुन) के सूर्य में, वृष, कन्या, धनु, कुम्भ, मकर और मिथुन लग्न में, सौम्य अर्थात् सोम, बुध, गुरु और शुक्र इन वारों में एवं शुभयोग में पण्डितों ने मुण्डन (चूडाकर्म) करने की विधि कही है ।। १८–१९ ।।

विद्यारम्भमुहूर्तः—

हस्तत्रये हरिद्वन्द्वे पूर्वाशिवमृगपञ्चके ।
मूले पूष्णि च नक्षत्रे बुधेऽर्के गुरुशुक्रयोः ।। २० ।।
देवोत्थाने मीनचापे लग्ने वर्षे च पञ्चमे ।
विद्यारम्भोऽत्र वर्ज्याश्च षष्ट्यनध्यायरिक्तकाः ।। २१ ।।

हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, तीनों पूर्वा, अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मूल और रेवती इन नक्षत्रों में, सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र इन वारों में, देवोत्थान में अर्थात् कार्तिक शुक्ला ११ से आषाढ़ शुक्ला १० पर्यन्त, मीन और धनु लग्न में और पाँचवें वर्ष में विद्यारम्भ करना चाहिए। विद्यारम्भ में षष्ठी ६, अनध्याय (अष्टमी तथा प्रतिपदा) और रिक्ता ४, ९, १४ तिथियां वर्जित हैं ।। २०-२१ ।।

यज्ञोपवीतमुहूर्तः—

पूर्वाषाढाश्विनीहस्तद्वये च श्रवणद्वये ।
ज्येष्ठाभगमृगे पुष्ये रेवत्यां चोत्तरायणे ॥ २२ ॥
द्वितीयायां तृतीयायां पञ्चम्यां दशमीत्रये ।
सूर्ये शुक्रे गुरौ चन्द्रे बुधे पक्षे तथा सिते ॥ २३ ॥
लग्ने वृषधनुःसिंहे कन्यामिथुनयोरपि ।
व्रतबन्धः शुभे योगे ब्रह्मक्षत्रविशां भवेत् ॥ २४ ॥

पूर्वाषाढ़ा, अश्विनी, हस्त, चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, ज्येष्ठा, पूर्वाफाल्गुनी, मृगशिरा, पुष्य और रेवती इन नक्षत्रों में, उत्तरायण में द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, दशमी, एकादशी और द्वादशी इन तिथियों में, सूर्य, सोम, बुध, गुरु और शुक्र इन वारों में, शुक्लपक्ष में वृष, धनु, सिंह, कन्या और मिथुन इन लग्नों एवं शुभयोग में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों वर्णों का यज्ञोपवीत (जनेऊ) होना चाहिए ॥ २२–२४ ।

अथ उपनयने वर्षशुद्धिः—

विप्राणां व्रतबन्धनं निगदितं गर्भाज्जनेर्वाष्टमे
वर्षे वाप्यथ पञ्चमे क्षितिभुजां षष्ठे तथैकादशे ।
वैश्यानां पुनरष्टमेऽप्यथ पुनः स्याद् द्वादशे वत्सरे
कालेऽथ द्विगुणे गते निगदिते गौणं तदाऽहुर्बुधाः ॥ २५ ॥

ब्राह्मणों के लिए गर्भ से या जन्म से आठवें और पाँचवें वर्ष में, क्षत्रियों के लिए गर्भ से या जन्म से छठे और ग्यारहवें वर्ष में एवं वैश्य के लिए आठवें और बारहवें वर्ष में व्रतबन्ध विद्वानों ने श्रेष्ठ कहा है, और कहे हुए समय से यदि द्विगुण समय व्यतीत हो जाय तो 'गौण' काल होता है ॥ २५ ॥

उपनयने गुरुशुद्धिः—

बटु-कन्या-जन्म-राशेस्त्रिकोणायद्विसप्तगः ।
श्रेष्ठो गुरुः खषट्त्र्याद्ये पूजयाऽन्यत्र निन्दितः ॥ २६ ॥

बालक या कन्या की जन्मराशि से ९, ५, ११, २, ७, राशि में स्थित गुरु श्रेष्ठ है और १०, ६, ३, १ इन राशियों में स्थित गुरु पूज्य है तथा अन्यत्र ४, ८, १२ में गुरु निषिद्ध है अर्थात् श्रेष्ठ नहीं है ॥ २६ ॥

गुरुदौष्ट्यादौ परिहारमाह—

स्वोच्चे स्वभे स्वमैत्रे वा स्वांशे वर्गोत्तमे गुरुः ।
रिःफाष्टतुर्यगोपीष्टो नीचारिस्थः शुभोऽप्यसत् ॥ २७ ॥

अपने उच्च में, गृह में, अपने मित्र की राशि में, अपने नवांश में, अपने वर्गोत्तम में स्थित रहने से गुरु द्वादश, चतुर्थ, अष्टम राशि में रहने पर भी शुभ हैं। नीच और शत्रु राशि में स्थित गुरु शुभ होने पर भी अशुभ फल देते हैं ॥ २७ ॥

अथ छुरिकाबन्धनम्—

विचैत्रव्रतमासादौ विभौमास्ते विभूमिजे ।
छुरिकाबन्धनं शस्तं नृपाणां प्राग्विवाहतः ॥ २८ ॥

चैत्र को छोड़ व्रतबन्ध में कहे हुए महीनों में भौमास्त तथा बुधवार को छोड़कर विवाह से पहले राजाओं को हथियार बाँधना शुभ है ॥ २८ ॥

इति मुहूर्तप्रकरणम्

अथ विवाहप्रकरणम्

अथ वरवरण (तिलक) मुहूर्तः—

वरवृत्तिं शुभे काले गीतवाद्यादिभिर्युतः ।
ध्रुवभे कृत्तिकापूर्वा कुर्याद्वापि विवाहभे ॥ १ ॥
उपवीतं फलं पुष्पं वासांसि विविधानि च ।
देयं वराय वरणे कन्याभ्रात्रा द्विजेन वा ॥ २ ॥

शुभ मुहूर्त में गीत वाद्य से युक्त होकर ध्रुवसंज्ञक, कृत्तिका, तीनों पूर्वा और विवाह में कहे हुए नक्षत्रों में, यज्ञोपवीत, फल-पुष्प तथा अनेक प्रकार के वस्त्र, रत्न आदि से युक्त होकर कन्या का भाई या ब्राह्मण वर का वरण (तिलक करें) ॥ १-२ ॥

अथ कन्यावरणम्—

पूर्वात्रय-श्रवण-मित्रभ-वैश्वदेव-हौताशवासवसमीरणदैवतेषु ।
द्राक्षाफलेक्षु कुसुमाक्षतपूर्णपाणिरभ्रान्तशान्तहृदयो वरयेत्कुमारीम् ॥ ३ ॥

तीनों पूर्वा, श्रवण, अनुराधा, उत्तराषाढ़ा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, स्वाती और विशाखा इन नक्षत्रों में अंगूर आदि फल, गन्ने की गड़ेरी, फूल तथा अक्षत से पूर्ण अञ्जलिबद्ध होकर शान्तिपूर्वक कुमारी (कन्या) का वरण करना शुभ है ॥ ३ ॥

अथ तैलहरिद्रालेपनम्—

मेषादिराशिजवधूवरयोर्बटोश्च
तैलादिलेपनविधौ कथिताऽत्र संख्या।
शैला दिशः शरदिगक्षनगाद्रिबाण-
बाणाक्षबाणगिरयो विबुधैस्तु कैश्चित् ॥ ४ ॥

शतपद-चक्रानुसार वर, कन्या या कुमार का नामाद्यक्षर नामराशि जानकर मेषादि राशिक्रम से तैलादिलेपन में पण्डितों ने ७, १०, ५, १०, ५, ७, ७, ५, ५, ५, ५, ७ संख्या कही है ॥ ४ ॥

अथ मण्डपनिर्माणम्, तस्य लक्षणम्—

मङ्गलेषु च सर्वेषु मण्डपो गृहमानतः।
कार्यः षोडशहस्तो वा द्विषड्ढस्तो दशावधि ॥ ५ ॥
स्तम्भैश्चतुर्भिरेवात्र वेदी मध्ये प्रतिष्ठिता।
शोभिता चित्रिता कुम्भैरासमन्ताच्चतुर्दिशम् ॥ ६ ॥
द्वारविद्धा बलीविद्धा कूपवृक्षव्यधा तथा।
न कार्या वेदिका तज्ज्ञैः शुभमङ्गलकर्मणि ॥ ७ ॥

सब मङ्गल कार्यों में कर्त्ता के हाथ से सोलह, बारह या दस हाथ चारों तरफ बराबर माप का मण्डप बनना चाहिये। जिसके बीच में एक सुन्दर वेदी, चार स्तम्भ और चारों दिशा अनेक रङ्ग से चित्रित शोभायमान कलश से युक्त रहे। द्वार, कूप, वृक्ष, खात, दीवार इत्यादि के वेध से रहित विद्वानों के बतलाये हुए मार्ग से बनाना श्रेष्ठ है ॥ ५–७ ॥

अथ मण्डपनिर्माणमुहूर्त्तः—

ऐशान्यां स्थापयेत्कुम्भं सिंहादित्रिभगे रवौ।
वृश्चिकादित्रिभे वायौ नैर्ऋत्यां कुम्भतस्त्रिभे।
वृषात्त्रये तथाऽऽग्नेय्यां स्तम्भखातं तथैव हि ॥ ८ ॥

सिंहादि तीन राशियों में सूर्य के रहने से ईशान कोण में स्तम्भ तथा कुम्भ का पहले स्थापना करना शुभ है। वृश्चिक आदि तीन राशियों में रहने से वायु कोण में, कुम्भ आदि तीन राशि में नैर्ऋत्य कोण में और वृष आदि तीन राशियों में सूर्य के होने से अग्नि कोण में स्तम्भ और घट का स्थापन शुभ है ॥ ८ ॥

विवाहनक्षत्रम्—

रोहिण्युत्तररेवत्यो मूलं स्वाती मृगो मघा।
अनुराधा च हस्तश्च विवाहे मङ्गलप्रदाः ॥ ९ ॥

रोहिणी, उत्तराभाद्रपदा, उत्तराषाढ़ा, उत्तराफाल्गुनी, रेवती, मूल, स्वाती, मृगशिरा, मघा, अनुराधा और हस्त ये नक्षत्र विवाह में मंगलदायक हैं ॥ ९ ॥

विवाहमासः—

मिथुनकुम्भमृगालिवृषाजगे मिथुनगेऽपि रवौ त्रिलवे शुचेः।
अलिमृगाजगते करपीडनं भवति कार्तिकपौषमधुष्वपि ॥ १० ॥

मिथुन, कुम्भ, मकर, वृश्चिक, वृष और मेष के सूर्य हों तो विवाह करना शुभ है, मिथुन के सूर्य में आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा से दशमी पर्यन्त श्रेष्ठ हैं, वृश्चिक के सूर्य हों तो कार्तिक में, मकर के सूर्य हों तो पौष में और मेष के सूर्य हों तो चैत्र में भी विवाह हो सकता है ॥ १० ॥

वैवाहिकमासफलम्—

माघे धनवती कन्या फाल्गुने सुभगा भवेत्।
वैशाखे च तथा ज्येष्ठे पत्युरत्यन्तवल्लभा ॥ ११ ॥
आषाढे कुलवृद्धिः स्यादन्ये मासाश्च वर्जिताः।
मार्गशीर्षमपीच्छन्ति विवाहे केऽपि कोविदाः ॥ १२ ॥

माघ में विवाह करने से कन्या धनवती होती है, फाल्गुन में सौभाग्यवती और वैशाख तथा ज्येष्ठ में पति की अत्यन्त प्रिया होती है एवं आषाढ़ में विवाह करने से कुल की वृद्धि होती है, अन्यान्य मास विवाह में वर्जित हैं परन्तु कोई-कोई विद्वानों ने विवाह में मार्गशीर्ष (अगहन) मास का भी ग्रहण किया है ॥ ११-१२ ॥

विवाहे गणनाविचारः—

वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम्।
गणमैत्रं भकूटं च नाडी चते गुणाधिकाः ॥ १३ ॥

वर्ण १, वश्य २, तारा ३, योनि ४, ग्रहमैत्री ५, गणमैत्री ६, भकूट ७ और नाडी ८ ये सब गुणों में एक से एक अधिक माने गये हैं ॥ १३ ॥

वर्णविज्ञानम्—

मीनालिकर्कटा विप्राः क्षत्रो मेषो हरिर्धनुः।

शूद्रा युग्म तुलाकुम्भौ वैश्यः कन्या वृषो मृगः ॥ १४ ॥

मीन, वृश्चिक और कर्क ये ब्राह्मणवर्ण, मेष, सिंह और धनु ये क्षत्रियवर्ण, मिथुन, तुला और कुम्भ ये शूद्रवर्ण एवं कन्या वृष और मकर ये वैश्य-वर्ण हैं ॥ १४ ॥

एषां फलानि—

नोत्तमामुद्वहेत् कन्यां ब्राह्मणीं च विशेषतः ।
म्रियते हीनवर्णश्च ब्रह्मणा रक्षितो यदि ॥ १५ ॥

उत्तम वर्ण की और विशेषकर ब्राह्मणवर्ण की कन्या के साथ हीनवर्ण का पति विवाह न करे, अन्यथा यदि ब्रह्माजी रक्षा करें तो भी उस वर की मृत्यु हो जाती है ॥ १५ ॥

अन्यच्च—

विप्रवर्णे च या नारी शूद्रवर्णे च यः पतिः ।
ध्रुवं भवति वैधव्यं शक्रस्य दुहिता यदि ॥ १६ ॥

ब्राह्मणवर्ण की स्त्री के साथ शूद्रवर्ण के पति का विवाह किया जाय तो वह चाहे इन्द्र की कन्या क्यों न हो तथापि निश्चय विधवा होती है ॥ १६ ॥

वश्यकूटम्—

हित्वा मृगेन्द्रं नरराशिवश्याः
सर्वे तथैषां जलजास्तु भक्ष्याः ।
सर्वेऽपि सिंहस्य वशे विनाऽलिं-
ज्ञेयं नराणां व्यावहारतोऽन्यत् ॥ १७ ॥

सिंहराशि को छोड़कर अन्य सब मनुष्यराशि के वश्य हैं, जलचर सब इनके भक्ष्य हैं, वृश्चिक को छोड़ सिंह के सब वश्य हैं और अन्य का वश्य व्यवहार से जान लेना चाहिये ॥ १७ ॥

वश्यादिविवरणम्—

मेषवृषधन्विसिंहाश्चतुष्पदा मकरपूर्वभागश्च ।
कोटः कर्कटराशिः सरीसृपो वृश्चिकः कथितः ॥ १८ ॥
मकरस्य पश्चिमार्धं कुम्भो मीनश्च जलचरः ख्यातः ।
मिथुनतुलाधरकन्या द्विपदाख्या धनुः पूर्वभागश्च ॥ १९ ॥

मेष, वृष, धनु का उत्तरार्ध, सिंह और मकर का पूर्वार्ध ये चतुष्पाद हैं, कर्क की कीट संज्ञा है, वृश्चिक कीट है, मकर का उत्तरार्ध कुम्भ और मीन जलचर हैं। मिथुन, तुला, कन्या का पूर्वार्द्ध ये द्विपद (मानव) हैं ॥ १८-१९ ॥

तारकूटम्—

कन्यार्काद् वरभं यावत् कन्याभं वरभादपि ।
गणयेन्नवहृच्छेषे त्रिष्वद्रिभमसत्स्मृतम् ॥ २० ॥

कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्रपर्यन्त, वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर उसमें नौ का भाग देने से ३, ५, ७ बचें तो अशुभ तारा, होती है ॥ २० ॥

योनिविचार:—

अश्विन्यम्बुपयोर्हयो निगदितः स्वात्यर्कयोः कासरः
सिंहो वस्वजपाद्भयोः समुदितो याम्यन्त्ययोः कुञ्जरः ।
मेषो देवपुरोहितानलभयोः कर्णाम्बुनोर्वानरः
स्याद्वैश्वाभिजितोस्तथैव नकुलश्चान्द्राब्जयोन्योरहिः ॥ २१ ॥
ज्येष्ठामैत्रभयो कुरंग उदितो मूलार्द्रयोः श्वा तथा
मार्जारोऽदितिसार्पयोरथ मघायोन्योस्तथैवोन्दुरः ।
व्याघ्रो द्वीशभचित्रयोरपि च गौरर्यम्णबुध्न्यर्क्षयो-
र्योनिः पादगयोः परस्परमहावैर भयोन्योस्त्यजेत् ॥ २२ ॥

अश्विनी शतभिषा की अश्व योनि, स्वाती-हस्त की महिष, धनिष्ठा-पूर्वा भाद्रपदा की सिंह, भरणी-रेवती की हस्ती, पुनर्वसु-कृत्तिका की भेड़ा, श्रवण-पूर्वाषाढ़ा की वानर, उत्तराषाढ़ा-अभिजित की नकुल, मृगशिरा-रोहिणी की सर्प, ज्येष्ठा-अनुराधा की हरिण, मूल-आर्द्रा की श्वान (कुक्कुर), पुनर्वसु-आश्लेषा की बिलाव, मघा-पूर्वाफाल्गुनी की मूषक, विशाखा-चित्रा की व्याघ्र, उत्तराफाल्गुनी-उत्तराभाद्रपदा की गौ योनि हैं ॥ २१–२२ ॥

योनिवैरम्—

गोव्याघ्रं गजसिंहमश्वमहिषं श्वैणं च बभ्रूरगं
वैरं वानरमेषयोश्च सुमहत्तद्वद्विडालोन्दुरः ।
लोकानां व्यवहारतोऽन्यदपि तज्ज्ञात्वा प्रयत्नादिदं
दम्पत्योर्नृपभृत्ययोरपि सदा वर्ज्यं शुभस्यार्थिभिः ॥ २३ ॥

गौ और व्याघ्र का, हाथी और सिंह का, अश्व और महिष का, श्वान और मृगका, सर्प और नेवले का, वानर और भेड़े का तथा मूस और बिलाव का परस्पर वैर है, स्त्री-पुरुषों तथा राजा-सेवकों में वैरयोनिका परित्याग कर देना चाहिये ॥ २३ ॥

ग्रहनिसर्गमैत्र्यादि—

शत्रू मन्दसितौ समश्च शशिजो मित्राणि शेषा रवे-
स्तीक्ष्णंशुर्हिमरश्मिजश्च सुहृदौ शेषाः समा शीतगो ।
जीवेन्दूष्णकराः कुजस्य सुहृदो ज्ञोऽरिः सितार्की समौ
मित्रे सूर्यसितौ बुधस्य हिमगुः शत्रुः समाश्चापरे ॥ २४ ॥

सूरेः सौम्यसितावरी रविसुतो मध्यो परे त्वन्यथा
सौम्यार्कौ सुहृदौ समौ कुजगुरू शुक्रस्य शेषावरी ।
शुक्रेशौ सुहृदौ समः सुरगुरुः सौरस्य चान्येऽरयो
ये प्रोक्ताः सुहृदस्त्रिकोणभवनात्तेऽमी मया कीर्तिताः ॥ २५ ॥

सूर्य के—चन्द्रमा, मंगल और वृहस्पति मित्र, बुध समान, शुक्र और शनैश्चर शत्रु हैं। चन्द्रमा के—सूर्य बुध-मित्र, मंगल वृहस्पति शुक्र और शनैश्चर समान और शत्रु कोई नहीं है। मंगल के—रवि, चन्द्रमा गुरु मित्र, शुक्र-शनि सम और बुध शत्रु हैं। बुध के—सूर्य-शुक्र मित्र, मंगल-गुरु शनि सम, चन्द्रमा शत्रु हैं। वृहस्पति के—सूर्य-चन्द्रमा-मंगल मित्र, शनि सम, बुध-शुक्र शत्रु हैं। शुक्र के—बुध-शनि मित्र, भौम-गुरु सम, रवि-चन्द्र शत्रु हैं। शनैश्चर के—बुध-शुक्र मित्र, गुरु सम और रवि-चन्द्रमा-मंगल शत्रु हैं ॥ २४–२५ ॥

गणविचारः—

अश्विनीमृगरेवत्यो हस्तपुष्ये पुनर्वसुः ।
अनुराधा श्रुतिः स्वाती कथितो देवतागणः ॥ २६ ॥
तिस्रः पूर्वाश्चोत्तराश्च तिस्रोऽप्यार्द्रा च रोहिणी ।
भरणी च मनुष्याख्यो गणश्च कथितो बुधैः ॥ २७ ॥
कृत्तिका च मघाऽश्लेषा विशाखा शततारका ।
चित्रा ज्येष्ठा धनिष्ठा च मूलं रक्षोगणः स्मृतः ॥ २८ ॥

अश्विनी, मृगशिरा, रेवती, हस्त, पुष्य, पुनर्वसु, अनुराधा, श्रवण और स्वाती ये नक्षत्र देवतागण, पूर्वभाद्रपदा, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपदा उत्तराषाढ़ा, उत्तराफाल्गुनी, आर्द्रा, रोहिणी और भरणी ये नक्षत्र मनुष्यगण, कृत्तिका, मघा, आश्लेषा, विशाखा, शतभिषा, चित्रा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा और मूल ये नक्षत्र राक्षसगण हैं ॥ २६–२८ ॥

गणफलम्—

स्वगणे परमा प्रीतिर्मध्यमा देवमर्त्ययोः ।
मर्त्यराक्षसयोर्मृत्युः कलहो देवरक्षसाम् ॥ २९ ॥

यदि स्त्री और पुरुष का एक ही गण हो तो परम प्रीति होती है, देवता और मनुष्य में मध्यम प्रीति, मनुष्य और राक्षस गण हो तो मृत्यु एवं देवता और राक्षस गण हो तो कलह (खटपट) होती है ॥ २९ ॥

गणपरिहारः—

रक्षोगणः पुमांश्चेत् स्यात् कन्या भवति मानवी ।
केऽपीच्छन्ति तदोद्वाहं व्यस्तं कोऽपीह नेच्छति ॥ ३० ॥

पुरुष (वर) यदि राक्षस गण और कन्या मनुष्यगण हो तो ऐसे विवाह को कोई-कोई आचार्य चाहते हैं और विपरीत आने पर कोई भी नहीं चहता ॥ ३० ॥

भकूटम्—

मृत्युः षडष्टके ज्ञेयोऽपत्यहानिर्नवात्मजे ।
द्विर्द्वादिशे दरिद्रत्वं द्वयोरन्यत्र सौख्यकृत् ॥ ३१ ॥

कन्या अथवा वर की राशि से वर या कन्या की राशि यदि ६, ८ हो तो मृत्यु, ९, ५, ३ हानि, २, १२ हो तो दरिद्रता होती है। अन्यत्र सौख्य होता है ॥ ३१ ॥

नाडीकूटम्—

ज्येष्ठारौद्रार्यमाम्भः पतिभयुगयुगं दास्रभं चैकनाडी
पुष्येन्दुत्वाष्ट्रमित्रान्तकवसुजलभं योनिबुध्न्ये च मध्या ।
वाय्वग्नि यालविश्वोडुयुगयुगमथो पौष्णभं चापरास्या-
द्दम्पत्योरेकनाड्यां परिणयनमसन्मध्यनाड्यां हि मृत्युः ॥ ३२ ॥

ज्येष्ठा, मूल, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, आर्द्रा, पुनर्वसु, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा और अश्विनी की आदि नाड़ी है। पुष्य, मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, भरणी, धनिष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपदा की मध्यनाड़ी है। स्वाती, विशाखा, कृत्तिका, रोहिणी, आश्लेषा, मघा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण और रेवती इनकी अन्त्यनाड़ी है। वर-कन्या की एक नाड़ी हो तो विवाह अशुभ है और मध्य हो तो मृत्यु होती है ॥ ३२ ॥

नाडीकूटफलम्—

एकनाडीस्थनक्षत्रे दम्पत्योर्मरणं ध्रुवम् ।
सेवायां च भवेद्धानिर्विवाहे प्राणनाशनः ॥ ३३ ॥

स्त्री-पुरुषों की एक नाड़ी हो तो निश्चय मरण, सेवा में हानि और विवाह में प्राणों का नाश होता है ॥ ३३ ॥

आदिनाडी वरं हन्ति मध्यनाडी च कन्यकाम् ।
अन्त्यनाड्यां द्वयोर्मृत्युर्नाडीदोषं त्यजेद्बुधः ॥ ३४ ॥

आदि नाड़ी वर, मध्यनाड़ी कन्या और अन्त्यनाड़ी दोनों का नाश करती है, इससे नाड़ी-दोष विद्वानों को त्याग देना चाहिये ॥ ३४ ॥

नाड़ीदोषपरिहारः—

एकनक्षत्रजातानां नाडीदोषो न विद्यते ।
अन्यर्क्षप्रतिवेधे तु विवाहो वर्जितः सदा ॥ ३५ ॥

वर-कन्या का एक ही नक्षत्र हो तो नाड़ी दोष नहीं माना जाता है, अन्य नक्षत्र हो तो विवाह सर्वथा वर्जित है ॥ ३५ ॥

राश्यैक्ये भिन्नमृक्षं चेद्भैक्ये राशिद्वयं तथा ।
पादभेदेऽपि नाडीनां गणानां च न दुष्टता ॥ ३६ ॥

राशि की एकता में भिन्न नक्षत्र और नक्षत्र के एक होने पर राशि की भिन्नता अथवा एक नक्षत्र में भी चरण भेद हो तो नाड़ी और गण का दोष नहीं माना जाता है ॥ ३६ ॥

वर्णकूटम्—

अकचटतपयशवर्गाः खगेशमार्जारसिंहशुनाम् ।
सर्पाखुमृगावीनां निजपञ्चमवैरिणामष्टौ ॥ ३७ ॥

अवर्ग का गरुड़, कवर्ग का बिलाव, चवर्ग का सिंह, टवर्ग का श्वान, तवर्ग का सर्प, पवर्ग का मूषक, यवर्ग का मृग और शवर्ग का मेढ़ा वर्ग है और वर्ग से पाँचवाँ बैरी होता है ॥ ३७ ॥

स्ववर्गात् पञ्चमः शत्रुश्चतुर्थो मित्रसंज्ञकः ।
उदासीनस्तृतीयः स्याद्वर्गभेदस्त्रिधोच्यते ॥ ३८ ॥

अपने वर्ण से पाँचवाँ शत्रु, चौथा मित्र और तीसरा उदासीन होता है इस प्रकार तीन भाँति का वर्ग-भेद कहा गया है ॥ ३८ ॥

राशिभेदः—

वरस्य पञ्चमे कन्या कन्याया नवमे वरः ।
एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यं पुत्रपौत्रसुखावहम् ॥ ३९ ॥

वर की राशि से यदि कन्या की राशि पञ्चम और कन्या से वर की राशि नवम हो तो पुत्र-पौत्र और सुख का देनेवाला त्रिकोण योग होता है ॥ ३९ ॥

षडष्टके भवेन्मृत्युर्यत्नतस्तत् परित्यजेत् ।
द्विर्द्वादशे च दारिद्र्यं नवमे पञ्चमे कलिः ॥ ४० ॥

स्त्री पुरुष की राशि परस्पर छठी आठवीं राशि हो तो मृत्यु होती है अतएव यत्न से उसका त्याग कर देना चाहिये। दूसरी बारहवीं में दारिद्र्य, नौवीं और पाँचवीं में कलह होता है ॥ ४० ॥

वर्जितसूर्यः—

अष्टमे च चतुर्थे च द्वादशे च दिवाकरे ।
विवाहितो वरो मृत्युं प्राप्नोत्यत्र न संशयः ॥ ४१ ॥

वर की राशि से आठवें, चौथे या बारहवें सूर्य में विवाह किया जाय तो निःसन्देह वर की मृत्यु होती है ॥ ४१ ॥

ग्राह्यसूर्यः—

एकादशस्तृतीयो वा षष्ठश्च दशमोऽपि वा ।
वरस्य शुभदो नित्यं विवाहे दिननायकः ॥ ४२ ॥

ग्यारहवें, तीसरे, छठे और दशवें सूर्य विवाह में वर के लिए बहुत शुभ हैं ॥ ४२ ॥

सामान्यसूर्यः—

जन्मन्यथ द्वितीयो वा पञ्चमे सप्तमेऽपि वा ।
नवमे च दिवानाथे पूजया पाणिपीडनम् ॥ ४३ ॥

जन्म के (पहिले), द्वितीय, पाँचवें या सातवें एवं नवें सूर्य हो तो विवाह के समय पूजन करा देने से शुभ होते हैं ॥ ४३ ॥

रविपरिहारः—

गर्गाङ्गिरोगौतमकश्यपाद्याः पराशराद्या मुनयो वदन्ति ।
द्वितीयपुत्रांकगतो दिवाकरस्त्रयोदशाब्दात्परतः शुभावहः ॥ ४४ ॥

गर्ग, अंगिरा, गौतम, कश्यप और पराशर आदि मुनियों की आज्ञा है कि दूसरे, पाँचवें और नवें स्थान के सूर्य तेरह वर्ष की अवस्था के अनन्तर शुभ हैं ॥ ४४ ॥

अथ यात्राप्रकरणम्

दिशा-विदिशा च—

भास्कराभिमुखैर्ज्ञेया दिशोऽथ विदिशः स्फुटाः ।
सम्मुखे पूर्वदिग् ज्ञेया पश्चाज्ज्ञेया च पश्चिमा ।
उत्तरा वामभागे या दक्षिणे सा च दक्षिणा ॥ १ ॥
अग्निकोणस्तथाग्नेयी पूर्वदक्षिणमध्यगा ।
नैर्ऋतो निर्ऋतेः कोणो दक्षिणापरमध्यगा ॥ २ ॥
पश्चिमोत्तरमध्यस्था वायवी वायुकोणकः ।
ईशानकोण ऐशानी विदिक् पूर्वोत्तरान्तरे ॥ ३ ॥

पूर्व आदि चार दिशा और आग्नेय आदि चार विदिशा (कोण) हैं, जिधर प्रातः सूर्योदय होता है उधर पूर्व है । पूर्व की ओर मुख करके खड़े होने वाम भाग में उत्तर, दाहिनी ओर दक्षिण और पीछे पश्चिम दिशा होती है । पूर्व और दक्षिण के बीच के कोण को आग्नेय, दक्षिण और पश्चिम के मध्यकोण को नैर्ऋत्य, पश्चिम और उत्तर के मध्यकोण को वायव्य और उत्तर तथा पूर्व के मध्य कोण को ऐशान कोण कहते हैं ॥ १–३ ॥

दिक्शूलविचारः—

शनौ चन्द्रे त्यजेत्पूर्वां दक्षिणां हि दिशं गुरौ ।
सूर्ये शुक्रे पश्चिमां च बुधे भौमे तथोत्तराम् ॥ ४ ॥

शनैश्चर सोमवार को पूर्व दिशा, बृहस्पति के दिन दक्षिण, रविवार और शुक्र के दिन पश्चिम, बुध और मंगल के दिन उत्तर यात्रा न करे ॥ ४ ॥

विदिक्शूलविचारः—

ऐशान्यां ज्ञे शनौ शूलमाग्नेय्यां गुरुसोमयोः ।
वायव्यां भूमिपुत्रे तु नैर्ऋत्यां सूर्यशुक्रयोः ॥ ५ ॥

बुध और शनि के दिन ईशान कोण में, सोमवार और बृहस्पति के दिन आग्नेय कोण में, मंगलवार को वायव्य कोण में रवि और शुक्र को नैर्ऋत्य कोण में दिक्शूल रहता है । सम्मुख दिक्शूल गमन निषेध है ॥ ५ ॥

दिक्शूलपरिहारः—

सूर्यवारे घृतं पीत्वा गच्छेत्सोमे पयस्तथा ।
गुडमङ्गारवारे तु बुधवारे तिलानपि ॥ ६ ॥

गुरुवारे दधि प्राश्य शुक्रवारे यवानपि ।
माषान्भुक्त्वा शनौ वारे शूलदोषोपशान्तये ॥ ७ ॥

दिक्शूल में आवश्यक कार्यवश दोष की शान्ति के लिए रविवार को घृत, सोमवार को दूध, मंगल को गुड़, बुध को तिल, बृहस्पति को दही, शुक्र को यव और शनैश्चर को उड़द भक्षण कर यात्रा करनी चाहिये ॥ ६–७ ॥

अर्घविचारः—

संक्रान्तिऋक्षं तिथिवारमिश्रं सप्ताहतं पावकभक्तशेषम् ।
समे समर्घं विषमे त्वनर्घं शून्ये महार्घं मुनयो वदन्ति ॥ ८ ॥

संक्रान्ति का नक्षत्र, तिथि और वार इन सबको मिलाकर सात (७) से गुणा कर तीन से भाग दे । यदि सम अंक बचे तो अन्न का भाव तेज, विषम बचे तो सस्ता और शून्य बचे तो अतीव महँगा ऐसा मुनि लोग बताते हैं ॥ ८ ॥

घातचन्द्रमा—

चन्द्रभूतग्रहा नेत्रा रसा दिग्वह्निसागराः ।
वेदाः सिद्धिशिवाऽऽदित्या मेषादौ घातचन्द्रमाः ॥ ९ ॥

वह चन्द्रमा मेषादि राशियों के क्रम से घातक चन्द्रमा होता है । राशि को जैसे मेष को प्रथम, वृष को पंचम, मिथुन को नवम, कर्क को दूसरा, सिंह को छठा, कन्या को दसवाँ, तुला को तीसरा, वृश्चिक को सातवाँ, धनु को चौथा, मकर को आठवाँ, कुम्भ को ग्यारहवाँ और मीन को बारहवाँ चन्द्रमा घातक है ॥ ९ ॥

घातकचन्द्रफलम्—

रोगे मृत्यू रणे भङ्गो यात्राकाले च बन्धनम् ।
विवाहे विधवा नारी घातचन्द्रफलं स्मृतम् ॥ १० ॥

चन्द्र घात के दिन रोग हो तो मृत्यु, युद्ध करने से हार; यात्रा करने से बन्धन और विवाह करने से स्त्री विधवा होती है ॥ १० ॥

योगिनीविचारः—

प्रतिपत्सु नवम्यां च पूर्वस्यां दिशि योगिनी ।
अग्निकोणे तृतीयायामेकादश्यां तथैव च ॥ ११ ॥
त्रयोदश्यां च पञ्चम्यां दक्षिणस्यां शिवप्रिया ।
द्वादश्यां च चतुर्थ्यां वै नैर्ऋत्यां दिशि योगिनी ॥ १२ ॥

षष्ठयां चैवं चतुर्दश्यां योगिनी पश्चिमां गता
पूर्णिमायां च सप्तम्यां वायुकोणे तु पार्वती ॥ १३ ॥
दशम्यां च द्वितीयायामुत्तरस्यां शिवा भवेत् ।
ऐशान्यां दर्शे अष्टम्यां योगिनीं समुदाहृता ॥ १४ ॥

